पत्रांक–9072/ न0वि0एवंआ0वि0

**बिहार सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग**

प्रेषक,

जय प्रकाश मंडल
सरकार के विशेष सचिव

सेवा में,

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना

पटना, दिनांक 7 दिसम्बर, 2016.

विषय :– **नगर परिषद, सुपौल में विभाग द्वारा कार्यान्वित मुख्य मंत्री निश्चय योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन ।**

प्रसंग :– विभागीय आदेश ज्ञापांक 8840 दिनांक 28.11.2016 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 02.12.2016 को नगर परिषद, सुपौल का भ्रमण कर मुख्य मंत्री निश्चय योजना यथा "हर घर नल–जल योजना/शहरी नाली–गली पक्कीकरण योजना/हर घर शौचालय निर्माण योजना" तथा विभाग द्वारा कार्यान्वित HFA योजना की समीक्षा की गयी । इस सम्बन्ध में प्रतिवेदन बिन्दुवार निम्नवत् है :–

**1. हर घर नल–जल योजना :–**

नगर परिषद, सुपौल में हर घर नल–जल योजना का कार्यान्वयन BRJP द्वारा कराया जा रहा है । इसके तहत 3 पम्प हाऊस, 3 ट्यूबवेल, 40610 मीटर पाईप बिछाने का कार्य, 3 पम्प मोटर, 3 ट्रांसफॉर्मर, 3 ओवरहेड टैंक, 3 क्लोरीनेटर रूम, 89 स्टैण्ड पोस्ट, 210 मीटर चाहरदीवारी, 3 मेन गेट एवं 130 मीटर एप्रोच रोड का निर्माण किया जाना है । इसमें से दो पम्प हाऊस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा 16000 मीटर पाईप बिछाया जा चुका है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि BRJP से सम्पर्क स्थापित कर कार्य को ससमय पूर्ण करायें ।

**2. शहरी गली–नाली पक्कीकरण योजना :–**

नगर परिषद, सुपौल में कुल वार्डों की संख्या 28 एवं घरों की संख्या 14380 है । इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वार्ड से एक–एक योजना का चयन कर प्राक्कलन तैयार किया गया है जिसमें से 27 योजनाओं की निविदा भी निकाली जा चुकी है । पूर्व की 25 चालू योजनाओं में से 10 योजना पूर्ण हो चुकी है, एक योजना की पुनर्निविदा की जानी है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया

कि शीघ्र निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए कार्य प्रारम्भ करायें तथा पूर्व की शेष चालू योजनाओं का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराया जाय ।

3. **हर घर शौचालय निर्माण योजना** :–

इस योजना के तहत वर्ष 2016–17 में 3939 लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों की संख्या 4010 है जिसमें से 3120 का चयन किया गया है । इसमें से 1405 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है । इनमें से 335 का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 1070 अभी अपूर्ण है । सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु कुल 410 स्थानों को चिह्नित किया गया है जिसमें से अभी एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है ।

4. **HFA योजना** :–

इस योजना के तहत वर्ष 2016–17 में कुल 155 लाभुकों की स्वीकृति दी गयी है जिसमें से 100 लाभुकों को 50,000.00 रुपये प्रति लाभुक प्रथम किस्त की राशि का भुगतान किया गया है । निदेश दिया गया कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण करते हुए इन्हें शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

विश्वासभाजन,

7-12-16

(जय प्रकाश मंडल)
सरकार के विशेष सचिव